आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 01.11.2024 **समय : 02.10pm**

स्थापना दिवस

मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके आधार पर प्रदेश की तरक्की का मूल्यांकन कर सकते हैं।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। मैहर जिले में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान करने का संकल्प भी दिलाया। बैतूल में स्थापना दिवस पर आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों पर केंद्रित स्टॉल लगाया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्टॉल का अवलोकन किया और उत्पाद खरीदे। मध्यप्रदेश के विकास यात्रा पर केंद्रित डॉक्युमेंट्री का भी अवलोकन किया गया।
खण्डवा में पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, मंत्री विजय शाह की मौजूदगी में स्थापना दिवस समारोह हुआ।

इस मौके पर छात्राओं ने राजस्थानी एवं गणगौर लोक नृत्य पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नगर निगम खंडवा ने महापौर अमृता यादव के नेतृत्व में 'स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली' के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया।

दीपोत्सव

देश भर में दीपों का पर्व दीपावली कल हर्ष उल्लास से मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल और उज्जैन में दीपोत्सव कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। शिवपुरी में दीपावली का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी । आज भी कुछ इलाकों में दीपावली का पर्व मनाया जा रहा है। कल से गोवर्धन की पूजा के बाद अन्नकूट का दौर शुरू होगा जिसमें विभिन्न स्थानों पर नई साग, सब्जियों के साथ अन्नकूट का आयोजन किया जाता है और प्रसादी का वितरण होता है।

रेलवे अग्रिम आरक्षण

रेल टिकटों के अग्रिम आरक्षण के नए नियम आज से लागू हो गए हैं। रेलवे ने अग्रिम आरक्षण की समय सीमा एक सौ बीस दिन से घटाकर साठ दिन कर दी है। हालांकि, इस वर्ष 31 अक्टूबर तक किए गए सभी आरक्षित टिकट बरकरार रहेंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार साठ दिन पहले के आरक्षण से टिकट जमा करने की संभावनाएं कम होंगी और यात्रियों को अधिक टिकट जारी किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि 61 से एक सौ बीस दिन की अवधि में कराए गए आरक्षण के 21 प्रतिशत टिकट रद्द करवा दिए जाते हैं।
क विदेशी पर्यटकों के लिए तीन सौ 65 दिन के अग्रिम आरक्षण के प्रावधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

बांध पानी

नर्मदापुरम सम्भाग के लिए रबी फसल के लिए आज सुबह 9 बजे तवा बांध बाई तट मुख्य नहर से फसलों की सिंचाई के लिए 971 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रबी सीजन की गेहूं चना फसलों में सिंचाई के लिए तवा डैम की बाईं तट की नहर में 22 अक्टूबर को संभागीय बैठक में लिए निर्णय अनुसार हरदा के किसानों के लिए पानी छोड़ा गया। इधर नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा के लिए 3 नवंबर, इटारसी–होशंगाबाद के लिए 5 नवंबर और सोहागपुर के लिए 8 नवंबर से पानी छोड़ा जाएगा। एसडीओ एनके सूर्यवंशी ने बताया वर्तमान में तवा बांध में 100 प्रतिशत भरा हुआ है। रबी सिंचाई के लिए तवा बाईं तट मुख्य नहर से रबी सिंचाई के लिए 98 हजार 939 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई और तवा दाईं तट मुख्य नहर से 59 हजार 340 हैकटेयर रकबे की सिंचाई के लिए कुल 1 लाख 58 हजार 279 हेक्टेयर में पलेवा और 3 बार सिंचाई के लिए रकबा प्रस्तावित है।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कल सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और अभिषेक किया। भारत की एकता और अखंडता की शपथ ली गई।
- सीहोर जिले में बुधनी उप चुनाव के तहत भैरूंदा में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- सतना जिले में 3000 से अधिक केन्द्रों में बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है।
- जबलपुर में आज तड़के एक अज्ञात वाहन और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है।